Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 28-04-2007
Participants : Suman Shri Ramji Lal,Malhotra Prof. Vijay Kumar

an>

Title: Reported revelation regarding assassination of Shri Rajiv Gandhi, former Prime Minister.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा (दक्षिण दिल्ली) : अध्यक्ष महोदय, एक बहुत ही सनसनीखेज और गम्भीर मामला सामने आया है, जिसमें फ्रांस की एक वैबसाइट और फ्रांस की इंटेलिजैन्स ने कहा है कि राजीव गांधी की हत्या की साजिश क्वात्रोची ने रची थी। 1991 में पूर्व प्रधान मंत्री, श्री राजीव गांधी की हत्या की साजिश बोफोर्स मामले के मुख्य आरोपी क्वात्रोची ने लिट्टे के साथ मिलकर रची थी। पोलिटिक्स पार्टी डॉट कॉम नामक वैबसाइट ने दावा किया है...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please do not read it. You know it as you are a very senior Member of the House.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : इस वैबसाइट ने यह दावा किया है कि एक फाइव स्टार होटल में क्वात्रोची ने लिट्टे के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर राजीव गांधी की हत्या की साजिश की। उनके पास इस बात के सबूत है। उन्होंने कहा है कि फ्रैन्च इंटेलिजैन्स के पास इसके पूरे सबूत हैं और बाकियों के पास भी सबूत मौजूद हैं। यह इतना भयंकर सनसनीखेज मामला है और अभी तक भारत सरकार ने इस पर रिएक्ट नहीं किया है। मैंने अर्जुन सिंह जी का एक बयान देखा, जिसमें कहा गया है कि सरकार इसकी जल्दी से जल्दी जांच करायेगी । इस बारे में सरकार के पास क्या जानकारी है जबकि वहां पर फ्रांस की इंटेलीजेंस एजेंसी और फ्रांस की पोलिटिक्स पार्टी डॉट कॉम नामक वेबसाइट पर लगातार इतने दिनों से यह बात आ रही है। अगर क्वात्रोची ने लिट्टे की मदद से इस हत्या की साजिश रची थी और राजीव गांधी, देश के पूर्व प्रधान मंत्री की हत्या हुई तो यह कोई साधारण बात नहीं है।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Today there is a discussion on the Demands for Grants under the control of the Ministry of Home Affairs. You can raise it at that time.

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA : It is true, but the Government has to respond to it. It is not a small matter. उसमें लिखा है कि क्वात्रोची को लगा कि कांग्रेस पार्टी हार जाएगी और बाद में जो सरकार आएगी, वह उसको फंसा लेगी। इसलिए उन्होंने राजीव गांधी की हत्या करा दी। लिट्टे इसे कराना चाहता था। It is not a small matter. It is a matter relating to the former Prime Minister जिसके नाम पर आज आप देश में सरकार चला रहे हैं। इतनी बड़ी हत्या का मामला हो और सरकार चुप्पी साधे बैठी रहे। सर, यह बहुत ही गंभीर मामला है। मैं चाहूंगा कि सरकार इस पर रेस्पांड करे और सदन को इस बारे में जानकारी दे।...(व्यवधान)

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : अध्यक्ष महोदय, यह मामला बहुत ही गंभीर है और जैसा कि यह पोलिटिक्स पार्टी डॉट कॉम नामक वेबसाइट पर दावा किया गया है कि पूर्व प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी जी की हत्या पेरिस के एक होटल में रची गई थी और इस साजिश के सूत्रधार और कोई नहीं क्वात्रोची थे जो राजीव गांधी परिवार के अनन्य मित्र थे और जो बोफोर्स कांड के मुख्य अभियुक्त भी हैं। उन्हीं क्वात्रोची ने लिट्टे के साथ मिलकर इस हत्या की साजिश रची थी और इस साजिश को रचने के लिए लिट्टे के थिंक टैंक कहे जाने वाले ए.के.बालासिंघम से पेरिस में मुलाकात की। इसका खुलासा वहां की खुफिया एजेंसी ने किया है। एक और तथ्य प्रकाश में आया है कि पेरिस में जो होटल हैं, उन सब होटलों में वहां का खुफिया तंत्र रहता है। जो फोटोज वगैरह खींचे जाते हैं, उनके पास इस सिलसिले में तमाम सबूत हैं। क्वात्रोची का मकसद चूंकि वह बोफोर्स कांड के मुख्य आरोपी हैं, उनका मकसद पूरे तथ्यों को छुपाना और अपने आप को बचाना है,...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I will try to accommodate everybody. Please cooperate.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Shri Ramjilal Suman, you have raised the matter.

श्री रामजीलाल सुमन : सर, मैं अपनी बात एक मिनट में समाप्त कर रहा हूं।मेरा निवेदन सिर्फ यह है किफ्रांस की सरकार ने इस पर कोई रिएक्ट नहीं किया। इसलिए भारत सरकार को चाहिए कि ये तथ्य जो प्रकाश में आए हैं और वेबसाइट पर आए हैं, सरकार गंभीरता के साथ इस बात को ले तथा सरकार देश और सदन को बताए कि सही मायनों में वास्तविकता क्या है। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से जानना चाहता हूं।

MR. SPEAKER: I am sure if this is true some action should be taken. No doubt about it.

श्री रामजीलाल सुमन : अध्यक्ष महोदय, यह बहुत ही गंभीर मामला है।…(व्यवधान) सरकार को इस बारे में सदन को जानकारी देनी चाहिए।…(व्यवधान)

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA : Does the Government have any knowledge of it?

MR. SPEAKER: Prof. Malhotra, you know that this is not the time to respond. There cannot be a minute to minute response.

… (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय : आपकी जो मांग है, वह भी सुन ली होगी।